जलवा हमारे श्याम का खाटू में जाके देखिये भजन लिरिक्स

जलवा हमारे श्याम का,
खाटू में जाके देखिये,
मिलता है मांगने से पहले,
मिलता है मांगने से पहले,
सर को झुका के देखिये,
जलवा हमारें श्याम का,
खाटू में जाके देखिये।bd।

तर्ज – दुनिया ने दिल दुखाया।

खाटू गया है जो भी,
सब पाप उसके धूल गए,
रस्ते थे बंद जो भी,
सारे के सारे खुल गए,
श्री श्याम कुंड में दिल से,
श्री श्याम कुंड में दिल से,
डुबकी लगा के देखिये,
जलवा हमारें श्याम का,
खाटू में जाके देखिये।bd।

ना भोग चाहिए छप्पन,
पकवान का ना भूखा है,
बस प्रेम से खिला दो,
जो पास रूखा सूखा है,
भूखा है श्याम भावों का,
भूखा है श्याम भावों का,
दो भजन सुना के देखिये,
जलवा हमारें श्याम का,
खाटू में जाके देखिये।bd।

विश्वास रखो उसपे,
टूटेगी आस ना कभी,
अहसास करके देखों,
है आस पास ही कहीं,
खाटू की मिट्टी श्रद्धा से,
खाटू की मिट्टी श्रद्धा से,
माथे लगा के देखिये,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जलवा हमारें श्याम का,
खाटू में जाके देखिये।bd।

बाबा की खोज में अब,
यूँ यहाँ वहाँ ना घूमिये,
मिल जाएगा सांवरिया,
दिल में ही अपने ढूंढिए,
'मोहित' वो दौड़ा आएगा,
'मोहित' वो दौड़ा आएगा,
दिल से बुला के देखिये,
जलवा हमारें श्याम का,
खाटू में जाके देखिये।bd।

जलवा हमारे श्याम का,
खाटू में जाके देखिये,
मिलता है मांगने से पहले,
मिलता है मांगने से पहले,
सर को झुका के देखिये,
जलवा हमारें श्याम का,
खाटू में जाके देखिये।bd।

Singer – Prakhar Lohiya (Agra)

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com